तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री


न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कृष्णा नगर में पूरे साल पेयजल संकट प्रेशर कम...



13 यातायात पुलिस ने चलाया सेवा और जागरुकता ...



# जिला प्रशासन की सतत कार्रवाई से धान की अवैध खरीद-फरोख्त पर लगी लगाम

## बेमेतरा जिले में 16087 बोरा (6433.80 क्विंटल) अवैध धान जब्त, लगभग 1.46 करोड़ की राशि सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा के सख्त निर्देश व सतत निगरानी के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं अनियमित व्यापार के विरुद्ध सघन अभियान लगातार जारी है। जिला प्रशासन की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से अब तक लगभग 101 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, जिनमें थोक विक्रेता, प्रोसेसर, कोचिया, अन्य व्यापारी तथा अंतर्राज्यीय परिवहनकर्ता शामिल हैं। अब तक की कार्रवाई में प्रशासन ने कुल 16,087 बोरा, अर्थात 6433.80 क्विंटल धान जब्त किया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 1,46,39,220.00 है। यह कार्रवाई



### अवैध धान खरीदी-बिक्री, भंडारण तथा परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और बेमेतरा जिले में अवैध धान खरीदी–बिक्री, भंडारण तथा परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपार्जन अवधि के दौरान सतत निगरानी, टीमों की सक्रियता और अचानक निरीक्षण को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि जिले को अवैध व्यापार से पूर्णतः मुक्त रखा जा सके। जिला प्रशासन की इस सक्रिय और प्रभावी पहल से जिले में पारदर्शी एवं नियम आधारित उपार्जन व्यवस्था मजबूत हुई है तथा किसानों को उचित मूल्य दिलाने का मार्ग और अधिक सुरक्षित हुआ है।

जिले में अवैध धान गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण का स्पष्ट संकेत है, जिससे न केवल सरकारी उपार्जन व्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि वास्तविक किसानों के हितों की भी दृढ़ सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।कलेक्टर रणबीर शर्मा के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस, खाद्य, मार्कफेड तथा कृषि विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा रोजाना गांव स्तर से लेकर अंतर्राज्यीय सीमाओं तक लगातार सघन निगरानी व निरीक्षण किया जा रहा है। विशेष अभियान के अंतर्गत टीमों ने रात–दिन गश्त, वाहन चेकिंग, संदिग्ध गोदामों का निरीक्षण, सूचना आधारित छापेमारी तथा नियमों के उल्लंघन पर तत्काल जप्ती जैसी निर्णायक कार्यवाही की है। अवैध परिवहन में पकड़े गए वाहनों एवं व्यक्तियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### सिंघौरी स्कूल के बच्चे किए गए सम्मानित

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक, मिडिल एंव हाईस्कूल सेजेस हिंदी सिंघौरी के बच्चों को बस्ता मुक्त दिवस पर शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के रूप में सभी बच्चों को पानी बॉटल वितरण किया गया। बता दें कि ये सभी बच्चें बालदिवस पर बहुत ही शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी थी। साथ ही साथ उसी दिन शाला प्रांगण में आंनद मेला का भी आयोजन किया गया था। मेले में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विजय सिन्हा द्वारा 1500रुपये की सम्मान राशि दी गयी थी। उस रुपए का भी वितरण बच्चों में किया गया। दिव्यांगता दिवस पर कहानी सुनाने वाले रोशन साहू कक्षा छठवीं को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्य संजय प्रसाद प्यासी,सरस्वती साहू प्रधान पाठक,धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक सहित रामगोपाल चंद्राकर,शशिकला यादव,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,किरण खरे एंव पूनम कुमार साहू उपस्थित रहे।

### शिवसेना की हिन्दू राष्ट्र की मांग, गौ हत्या बंद करने जंतर-मंतर में प्रदर्शन 17 को

**बेमेतरा।** शिवसेना द्वारा हिन्दू राष्ट्र, गौ हत्या बंद करने दंतेवाड़ा से राजधानी रायपुर तक हिन्दू राष्ट्र मोर्चा के सफल आयोजन के बाद अब दिल्ली जंतर मंतर में 17 दिल्ली में प्रदर्शन करेगा। कार्यक्रम में जिले के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। शिव सेना जिला पूर्व अध्यक्ष मनीष वर्मा ने कहा कि शिव सेना द्वारा हिन्दू राष्ट्र की मांग एवं गौ हत्या बंद करने, गौमाता को राज माता घोषित करने, गांव गांव में स्थित गौठान को गौशाला बनाकर दो कर्मचारी नियुक्त कर घुमंतू गौ वंश को रखने पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में महाहस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। हिंदी राष्ट्र दंतेवाड़ा से रायपुर तक 4 दिवसीय हिन्दू राष्ट्र मोर्चा के सफल आयोजन के बाद अब 17 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर महा धरना का आयोजन किया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि दुर्ग संभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष, शिव राम केसरवानी प्रदेश संगठन, राजेश ठावरे प्रदेश सचिव शंकर चैनानी प्रदेश सचिव कमल सोनी दिनेश ताम्रकार मनीष तिवारी जिला अध्यक्ष राम राज शास्त्री के नेतृत्व में शिव सेना बेमेतरा जिला ईकाई के बड़ी संख्या शिव सैनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम हिंगनाडीह के गोदाम मे रखे एल्यूमिनियम के बिजली वायर का 2 अलग अलग कंडक्टर ड्रम बंडल से पार हो होने की शिकायत पुलिस में की गई थी। नंदिनी पुलिस ने कबीर कुटी केम्प 2 निवासी बिल्लू उर्फ धनेश ठाकुर, मकान नंबर 257 वार्ड 22 जेपी नगर केम्प 2 फनेन्द्र कुमार साहू उर्फ कृष को गिरफ्तार किया।

### नशे की दवा के साथ तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर माल धक्का पास दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास दो युवक नशे की दवा बेचने का काम कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पंचशील नगर सुमित जाटव, सिकोलाभाठा मोहन नगर फग्गू उर्फ लक्की यादव, साईनगर सुनील तांडी को पकड़ा गया।

## मांग : पारंपरिक मुक्तिधाम अधिग्रहण के बाद बाधित हुई अंतिम विदाई

# पुल के नीचे जलती है चिता, ग्रामीणों ने की स्थायी मुक्तिधाम की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नांदघाट/नवागढ़

रायपुर– बिलासपुर नेशनल हाईवे पर शिवनाथ नदी के ऊपर बने विशाल पुल के नीचे चिता जलती है। यह दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक हिला देगा। गांव में मुक्तिधाम न होने की वजह से नांदघाट के लोग सालों से असुविधा को सहकर अपने परिजनों की अंतिम यात्रा पूरी कर रहे हैं। पुराने ग्रामीण बताते हैं कि वर्षों से गांव में अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी के किनारे खुले, शांत और पवित्र स्थान पर होता था। नदी की कल–कल बहती ध्वनि और चारों ओर फैली प्राकृतिक शांति विदाई को गरिमा देती थी। लेकिन जब रायपुर–बिलासपुर नेशनल हाईवे का नया पुल बना और उसके आसपास की भूमि अधिग्रहित की गई, तो पारंपरिक मुक्तिधाम की जगह समाप्त हो गई। अब न तो नदी किनारे वह स्थान बचा, न कोई वैकल्पिक मुक्तिधाम बनाया गया। यही कारण है कि ग्रामीण मजबूरी में पुल के नीचे अंतिम संस्कार करने लगे। एक बुजुर्ग ने कहा स्थान गया, परंपरा टूटी, और सम्मान भी चला गया, हमारे पास विकल्प ही नहीं बचा।



### प्रशासन तुरंत जमीन चिन्हित कर बनाएं मुक्तिधाम

नेता व जनप्रतिनिधि विजय यादव कहते है कि यह बेहद संवेदनशील स्थिति है। गांव की संस्कृति, परंपरा और सम्मान—तीनों दांव पर हैं। अंतिम यात्रा का सम्मान राजनीति का विषय नहीं, मानवता का विषय है। वहीं भाजपा नेता लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि पुल के नीचे अंतिम संस्कार करना ग्रामीणों की मजबूरी है, इच्छा नहीं। प्रशासन को यह स्थिति पहले ही सुधार लेनी चाहिए थी। हमारी मांग है कि शिवनाथ नदी किनारे तुरंत स्थाई मुक्तिधाम के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाए।

**पुल के नीचे विदाई—धुआं, शोर और डर-** अंतिम संस्कार के दौरान ऊपर से गुजरते भारी वाहनों का शोर, पुल की बीमों में कंपन, नीचे नदी का तट, धूल और धुआं, न बैठने की जगह, न पानी, न छाया अंतिम संस्कार जैसी पवित्र प्रक्रिया हर कदम पर बाधित होती है। परिवारजन कहते हैं— यह माहौल दुख को और गहरा कर देता है। विदाई शांत होनी चाहिए, पर यहां तो शोर ही शोर है।

**ग्रामीणों की भावनात्मक पीड़ा—पुल के नीचे चिता यह हमारे गांव की सबसे बड़ी मजबूरी-** बुजुर्ग कहते हैं कि यह अपमानजनक है कि उन्हें अपने प्रियजनों को वाहन की गड़गड़ाहट और पुल के कंपन के बीच विदा करना पड़ता है। पूर्व उपसरपंच संदीप वैष्णव ने बताया कि पहले नदी किनारे शांत स्थान पर संस्कार होता था। पुल बनने से पारंपरिक जगह गई, लेकिन नया मुक्तिधाम कभी नहीं बनाया गया। अब पुल के नीचे चिता जलती है, यह किसी भी गांव के लिए शर्मनाक स्थिति है।

ग्रामीणों की चेतावनी—'अब और नहीं, मुक्तिधाम बनेगा तो यहीं सम्मान लौटेगा'

ग्रामीणों के अनुसार वर्षों से मांग उठ रही है, कई बार आवेदन दिए गए, पर न तो जगह चिन्हित हुई, न निर्माण शुरू हुआ। ग्रामीण अब आंदोलन की तैयारी में हैं यदि जल्द निर्णय न हुआ। नांदघाट आज यही सवाल पूछ रहा है— क्या अंतिम यात्रा का सम्मान भी विकास के नाम पर कुर्बान हो जाएगा।

# चेन और नकदी लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चांदी का चैन और नगदी लूटकर फरार चल रहे आरोपी को दबोच लिया है। इस वारदात ने क्षेत्र में दहशत फैला दी थी, वहीं पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्यवाही ने लोगों में भरोसा भी बढ़ाया है। प्रार्थी शेखर साहू (24 वर्ष) निवासी कोरवाय ने बताया कि 31 अक्टूबर की शाम वह अपने दो दोस्तों के साथ साजा से कृषि दवाई लेकर लौट रहा था। रास्ते में अमलीडीह कॉलेज मैदान के पास तीनों ने नाश्ता करने के लिए बाइक रोकी ही थी कि तभी अमलीडीह निवासी गजेन्द्र सागरवंशी और भरदाकला निवासी दीपक साहू व रोहन साहू वहां आ धमके।

■ साजा पुलिस ने बालोद में मुख्य आरोपी को दबोचा, घटना में अन्य दो पहले ही जेल भेजे गए

तीनों ने पहले युवकों को गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी दी, फिर गजेन्द्र ने चाकू लहराते हुए शेखर के गले से चांदी का चैन (कीमत 4,000 रुत) और पेंट की जेब में रखे 3,000 रुपए नगद छीन लिए। उनके साथियों ओमकार साहू व गंगाधर साहू से भी कुल मिलाकर 2,500 रुपए लूट लिए। छीना-झपटी और डंडों से मारपीट में युवकों को चोटें भी आईं। शिकायत के बाद साजा पुलिस ने धारा 296, 315(3), 115(2), 309(6), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया।विवेचना के दौरान पुलिस ने दीपक साहू व रोहन साहू को कुछ दिनों पूर्व गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। दोनों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई थी। मुख्य आरोपी गजेन्द्र सागरवंशी घटना के बाद फरार था। पुलिस टीम ने सटीक सूचना पर बालोद जिले के ग्राम बाघूटोला में उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में गजेन्द्र ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि लूटी गई रकम को तीनों ने आपस में बांटकर खर्च कर दिया था। पुलिस ने उसके कब्जे से चांदी का चैन, घटना में प्रयुक्त स्टील का चाकू और मामले से जुड़े अन्य सबूत बरामद किए हैं।

साजा पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र सागरवंशी (उम्र 25) निवासी अमलीडीह को शनिवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सीएचसी नवागढ़ में सघन कुष्ठ खोज अभियान का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में सघन कुष्ठ खोज एवं जांच उपचार अभियान,सघन पल्स पोलियो अभियान की प्रशिक्षण कार्ययोजना तैयार करने के साथ समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रम का समीक्षा की गई।

सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एल राज, बीएमओ नवागढ़ डॉ. एम एम रजा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। इनकी मॉनिटरिंग भी आवश्यक है, जिससे हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ अवश्य मिले। कोई भी हितग्राही स्वास्थ्य सेवा के लाभ से वंचित न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। इसमें किसी प्रकार से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में नवागढ़ ब्लॉक के बीपीएम, समस्त स्वास्थ्य केंद्र संस्थान प्रभारी के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# डीएपी के अधिक उपयोग से मृदा स्वास्थ्य में खतरा कृषि विभाग ने संतुलित उर्वरक वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अत्यधिक डीएपी उर्वरक के उपयोग से मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। संचालनालाय नवा रायपुर पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए तथा एनपीके, एसएसपी एवं अन्य पोषक तत्वों के विकल्पों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। रबी वर्ष 2025–26 में जिले के जिन निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में 15 मीट्रिक टन से अधिक डीएपी उपलब्ध है, वहां उर्वरकों की उपलब्धता को नियंत्रित रखते हुए संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैदानी कृषि विस्तार अधिकारी (कृ.वि.अधि.) एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्रा.कृ.वि.अधि.) की ड्यूटी लगाई गई है। निर्देशानुसार अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों में उपस्थित रहकर पीओएस मशीन के माध्यम से ही डीएपी का वितरण सुनिश्चित करेंगे, जिससे किसानों को आवश्यकता के अनुरूप संतुलित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित उर्वरक निरीक्षक द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में जिले में आज निजी कृषि केंद्र से डीएपी वितरण की शुरुआत ▶▶| शेष पेज 12 पर



संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने प्रशासन की व्यवस्था

## रोजाना 20 लाख रूपए से भी अधिक की शराब गटक जाते है क्षेत्रवासी

# नशाखोरी का बढ़ता प्रकोप, सभ्य समाज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

धर्म नगरी कहलाने वाली तहसील मुख्यालय थान खम्हरिया मे नशाखोरी व मांसखोरी का प्रकोप इतना बढ गया है कि अब शराब दुकान करीब आ जाने के बाद शराब दुकान कि बिक्री भी डेढ गुना बढ गयी है प्रतिदिन देशी व विदेशी मंदिरा दुकान मिलाकर करीब 18 लाख रूपए से भी अधिक का शराब क्षेत्रवासी गटक जाते है वही लगभग एक लाख रूपए से भी अधिक का मछली,अंडा व मूर्गा की भी दावत उडा जाते है शराबी।

क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर हो रही नशाखोरी व मांशखोरी के चलते ही आज समाज दूषित व कमजोर होते जा रहा है तथा क्षेत्र मे अपराधिक गतिविधियों मे भी काफी ईजाफा हुआ है।नगर के साजा रोड मुख्य मार्ग मे स्थित हॉटलो व ढाबो मे शराब की अवैध बिक्री तथा चखना सेंटर मे शराबीयो की जमावडे से सभ्रांत नागरिकों का निकलना मुस्किल हो गया है बगैर एफएसएसएआई पंजीयन के चल रहे अवैध ढाबो पर गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालो पर सक्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है वही आबकारी विभाग अवैध चखना संेटरो पर महेरबान है स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग जिसे सप्ताहिक चढावा मिलता भी मिलता है यही कारण है कि कार्रवाई करने इनके हाथ पांव फूलते है।

तहसील क्षेत्र का एकमात्र शराब दुकान मे रोजाना शराबीयो की भीड अब नागरीको के लिए मुसीबत बन रहा है साथ ही बायपास रोड पर अवैध रूप से संचालित मांस मछली दुकान चखना संेटरो से लोगो मे प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे धार्मिक आयोजनो से भी लोगो को सीख नही मिल रही है जन्मोत्सव,शादी-विवाह तथा विभिन आयोजनो मे शराब सेवन की परंपरा सभ्य समाज को पिछे ढकेल रही है प्रतिदिन 20 लाख रूपए से भी अधिक का लोग शराब डकार जाते है जबकि नगर मे मुर्गा,मछली व अंडा जैसो की बिक्री भी बडी पैमाने पर देखी जा रही है।अब शराब की लत लोगो को इतनी लग गयी है कि प्रत्येक समाज मे विघटन की स्थिति है जिस पर काबू पाना अब मुश्किल होगा।शराबखोरी ने ही अनेक परिवार मे कलह पैदा कर रही है वही शराब के लिए लोग आज जमीन जायदाद बेचकर सडक पर आ गये है।नगर मे बढते ▶▶| शेष पेज 12 पर




क्षेत्र मे नशाखोरी समाज को कर रहा दूषित

### वृद्ध दंपती के साथ मारपीट, दी धमकी

**भिलाई।** वृद्ध दंपती के साथ मारपीट और धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। वार्ड 23 गुरु घासीदास नगर भिलाई निवासी तपीलाल प्रसाद ने आरोप लगाया है कि मरान नंबर 110 में पूजा करने गया था। मंदिर में पूजा कर लौट रहे थे। तभी सौरभ गुप्ता और उसकी पत्नी ने समेत 6 महिलाओं ने 68 वर्षीय पत्नी के साथ मारपीट किया। इसके बाद सौरभ की पत्नी, बहन लातघुसे से पिटाई करने लगे। मारपीट में तपीलाल की पत्नी बेहोश हो गई, पिटाई इतना बेजबरन किया गया। तपीलाल ने बताया कि सौरभ गुप्ता किराएदार है। दमाद द्वारा फर्जी रुप से बनाए गए दस्तावेज के कारण मकान को कब्जा कर रखा है। जिसे लेकर सीएम, कलेक्टर, एसपी, थाना प्रभारी को इसकी शिकायत किया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 48 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48 लाख 28 हजार रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यों की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार धमधा ब्लॉक के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण 2 लाख 60 हजार, ग्राम बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर पास रंगमंच निर्माण 3 लाख, ग्राम रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण 3 लाख, ग्राम नारधा के हायर सेकंडरी स्कूल में शेड निर्माण 7 लाख, ग्राम कंडरका में माध्यमिक शाला में शेड निर्माण 07 लाख, ग्राम राजपुर के कोक्सा तालाब में निर्मलाघाट निर्माण 2 लाख 60 हजार, ग्राम ढ़ाबा के माध्यमिक शाला में शेड निर्माण7 लाख, ग्राम बागडुमर सेमरिया में मुक्तिधाम एवं शेड निर्माण 4 लाख 79 हजार और मुक्तिधाम एवं शेड निर्माण हेतु 4 लाख 79 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन

दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर लायंस चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयास श्रवण बाधित दिव्यांग विद्यालय सुपेला भिलाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने दिव्यांग छात्र-छात्राओं एवं जिले से आए अन्य दिव्यांग हितग्राहियों को सम्मिलित किया गया।

# मतदाता सूची का सत्यापन 11 तक, बीएलए से की जाएगी शेयर

## विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्य के प्रगति के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, संशोधित कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की गई।

जानकारी दी गई कि 27 अक्टूबर को जारी निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम घर-घर मतदाता सत्यापन 11 दिसंबर, ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर, आपत्ति एवं दावा अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी, सुनवाई एवं सत्यापन 16 दिसंबर से 7 फरवरी, अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जनपद, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के सदस्य, सभापति, एल्डरमेन, पार्षद, पंच, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों के गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा है या नहीं। इसकी पुष्टि दलों द्वारा अवश्य कर ली जाए। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार के सदस्य का नाम वर्ष 2003 के रिकॉर्ड से मिलान के दौरान छूट गया हो तो तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को सूचित करने को कहा है।



### डिजिटाईजेशन मतदान केन्द्रों के एएसडी सूची किया जाएगा साझा

कलेक्टर ने कहा कि लगभग सभी मतदान केन्द्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन पूर्ण हो चुका है। जिन मतदान केंद्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, वहां के एएसडी (मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित) मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा संबंधित दल के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को उपलब्ध कराई जाएगी। बीएलए द्वारा सूची की जांच कर त्रुटि पाए जाने पर सुधार हेतु बीएलओ को सूचित करने को कहा।

## वार्ड 8 : नया टॉयलेट शुरू, दूसरा टूटा लेकिन अब तक नया नहीं बना

# कृष्णा नगर में पूरे साल पेयजल संकट प्रेशर कम होने से नागरिकों को दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

कृष्णा नगर वार्ड 8 के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या शौचालय की है। वार्ड में पहले दो सार्वजनिक सुलभ शौचालय हुआ करता था। वर्तमान में एक शौचालय मौजूद है। एक को शौचालय जर्जर होने के कारण निगम ने उसे तोड़ दिया, लेकिन फिर दोबारा बनाने की जरूरत किसी ने नहीं समझी। नतीजा यह कि लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस वार्ड की दूसरी बड़ी समस्या है कि ज्यादातर गलियों में लोगों ने नालियों पर कब्जा कर रखा है। कहीं स्लैब डाल दी गई है, तो कहीं निर्माण खड़ा कर दिया गया है। ऐसे में नालों की सफाई ठीक से नहीं हो पाती और सड़कें भी सिकुड़ गई हैं। थोड़ा सा पानी गिरते ही रास्तों में गंदगी भर जाती है। पानी सप्लाई भी लोगों की उम्मीद के मुताबिक नहीं है। पेयजल का दबाव इतना कम रहता है कि कई घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। वहीं कई गलियों की सड़कें जर्जर हालत में है। वार्ड के लोगों की साफ मांग है कि नालियों पर हुए अवैध कब्जों पर कार्रवाई हो, टूटे सुलभ शौचालय का तुरंत दोबारा निर्माण कराया जाए और पेयजल सप्लाई को मजबूत किया जाए।

## भिलाई वार्ड 8 कृष्णा नगर की मूलभूत परेशानियां



### भिलाई वार्ड 8 में शौचालय की किल्लत, शिकायतें बेअसर

कृष्णा नगर वार्ड 8 में शौचालय की समस्या है। वार्ड में फिलहाल सिर्फ एक नया शौचालय चालू हुआ है। इसका उद्घाटन कुछ दिन पहले ही हुआ, लेकिन दूसरी तरफ पुराना सुलभ शौचालय जर्जर हो गया था जिसे निगम ने तोड़ दिया। उसे दोबारा बनाने का काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ। इसकी वजह से आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग रोजाना परेशानी झेल रहे हैं। उनका कहना है कि टूटे शौचालय की जगह नया निर्माण जरूरी है, क्योंकि एक ही शौचालय पूरे वार्ड की जरूरत नहीं पूरी कर पा रहा। लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत की लेकिन हालात वही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना रोज आने-जाने वाले लोगों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है।

### शौचालय के लिए भेजा प्रस्ताव

सड़क और नाली निर्माण के लिए 12 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। क्षेत्र मे निरीक्षण के बाद नालियों पर किए गए अवैध अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जाएगी।
**-राजेन्द्र कुमार**, पार्षद वार्ड 8,
कृष्णा नगर सुपेला भिलाई

# पुलिस ने की प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता, दंगे जैसी गंभीर धाराओं के तहत दर्ज किया केस



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पिछले दिनों जमीन के बाजार मूल्य की बढ़ोत्तरी को लेकर जेआरडी स्कूल के सामने प्रदर्शन और चक्काजाम की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय जेल दुर्ग पहुंचा। जहां कांग्रेसियों ने जेल में निरुद्ध आरोपियों से मुलाकात की। कांग्रेसियों ने घायलों से भी चर्चा की। जेल में अनिल वासनिक, विक्की चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, जितेन्द्र बत्रा ने आप बीती बताई। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। देवेंद्र इसके बाद एसएसपी विजय अग्रवाल से मिलने भी गए, उनकी अनुपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मुलाकात कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। देवेंद्र ने इसके बाद कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता की। पहले जमानत पर रिहा किया, इसके बाद दंगे जैसी गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जेल में डाल दिया। इतना ही घटना में कई लोग घायल हुए हैं, उनके सिर में गंभीर चोट आई है। कई लोग फरारी काटने मजबूर हैं। उन्होंने मामले में शासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसवालों पर कार्रवाई की मांग की। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह सीधे तौर पर लौकतांत्रिक अधिकारों का सीधे तौर पर हनन है। इससे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लाठी चार्ज के इस मामले में प्रशासन को जवाब देना ही होगा, अन्यथा पूरे प्रदेश में चक्काजाम और प्रदर्शन होंगे।

- भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व

### मंत्रियों के इशारे पर हुआ लाठी चार्ज, सभी का हो चिकित्सकीय परीक्षण

देवेंद्र यादव ने कहा कि सरकार के मंत्रियों के इशारे पर लाठी चार्ज का तुगलकी फरमान जारी हुआ। प्रदर्शन के दौरान जिन घायल लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण नहीं हुआ है, तत्काल कराया जाए। जबरदस्ती लोगों को पुलिस अपराधी न बनाये। जमानत में पुलिस आपत्ति न करे। जमानत में पुलिस सहयोगात्मक रवैया अपनाये। हमारी लड़ाई पुलिस प्रशासन से नहीं है। मुझे अपनी बात रखनी होगी तो चौक चौराहों पर रखूंगा।

## दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने पर बल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दिव्यांग व्यक्ति के अधिकारों में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में समान अवसरों के साथ-साथ भेदभाव और शोषण से सुरक्षा सम्मिलित करने के उद्देश्य से शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, गरिमा और कल्याण को बढ़ावा देना। यह दिवस दिव्यांगों को समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर जोर देता है। प्राचार्य ने महाविद्यालय में दिव्यांगजनों को दी जानी वाली विशेष सुविधाओं की भी जानकारी दी।

डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष हिन्दी एवं राष्ट्री सेवा योजना प्रभारी ने कहा कि दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ाना एवं राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में दिव्यांगों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश के अनुसार प्रधानमंत्री के सुझाव के बाद विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग शब्द चलन में आया है अर्थात दिव्य अंग या विशेष क्षमता वाला व्यक्ति है। विश्व की लगभग 16 प्रतिशत जनसंख्या गंभीर विकलांगता का अनुभव करती है। सुश्री तब्बसुम अली ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के बारे में तथा डॉ. तोषिना तैलंग ने दिव्यांगता संबंधी पेंशन, ऋण, विवाह प्रोत्साहन एवं डॉ. संध्या सिंह यादव, डॉ. वैभव शंकर सोनी ने भी विचार साझा किए। वालेंटियर लुबना खान, उर्वशी निषाद, खुशी साहू एवं मानसी प्रसाद ने भी विचार रखे।

## कांग्रेस के तीन जिला संगठनों के नए अध्यक्ष आज लेंगे शपथ, भूपेश बघेल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग







कांग्रेस के तीनों जिला संगठनों में युवा कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद युवा कार्यकर्ताओं में खासा जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

- पीसीसी चीफ दीपक बैज के भी आगमन की तैयारी

संगठन में उनकी गतिविधि बढ़ गई है। उनका कहना है कि लंबे समय बाद पार्टी हाईकमान ने कार्यकर्ताओं के पसंद के व्यक्ति को जिला अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पर पद जिम्मेदारी सौंपी है। इससे युवाओं में खासा उत्साह है। इधर 6 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे तीनों अध्यक्षों धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर की ताजपोशी होनी है। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज का भी आगमन हो रहा है। इसके अलावा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। प्रवक्ता नासिर खोखर ने बताया कि राजीव भवन में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# दिव्यांगजन समाज की शक्ति, मिले बराबर अवसर और सम्मान : मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर वार्ड 17 कदाम्बरी नगर स्थित ब्राइट मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय संस्था द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे रंजीता पाटिल, राजू रातपूत आदि मौजूद रहें।

संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य से समारोह, सेमिनार, जागरूकता शिविर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन कर दिव्यांग हितग्राहियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। मेयर बाघमार ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों के साथ समय बिताया और उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा दिव्यांगजन हमारी समाज की शक्ति हैं। उनमें अद्भुत प्रतिभा, धैर्य और जिजीविषा होती है। हमारा दायित्व है कि हम उन्हें समान अवसर, सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करें। नगर निगम हमेशा दिव्यांगजन हितार्थ कार्यों को प्राथमिकता देगा और उनके लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।मेयर ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के विद्यालय और संस्थाएं समाज में जागरूकता बढ़ाने और दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पुलगांव, सेवती व बोरई पहुंचे गजेंद्र यादव

# शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से ली पढ़ाई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग जिले में ग्राम पुलगांव, सेवती और बोरई तथा राजनांदगांव जिले के बिरेझर, सलोनी एवं चारभांठा स्थित शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवश्यकताओं और सीखने के अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति, परिसर की स्वच्छता तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों की स्थिति की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की।स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चारभांठा में स्मार्ट क्लास के माध्यम से संचालित शिक्षण व्यवस्था का फीडबैक लिया और शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टाफ को बच्चों का प्रैक्टिकल एवं निर्धारित पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण कर आगामी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने निरंतर प्रतिबद्ध है।

- स्मार्ट क्लास को लेकर लिया फीडबैक

## पेज 11 के शेष

### जिला प्रशासन की

के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, धान उपार्जन नीतियों तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जप्त किए गए धान को शासकीय गोदामों में सुरक्षित रखा गया है और संबंधित प्रकरणों की विधिक प्रक्रिया जारी है।

### चेन व नकदी...

भेज दिया गया।
**पुलिस टीम का तेज़ और सराहनीय एक्शन-** इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय सहितप्रधान आरक्षक विजेंद्र सिंह, पवन सिंह आरक्षक रामानुज जायसवाल, अर्जुन ध्रुर्वे, राजू यादव एवं पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।

### अधिक डीएपी उपयोग ...

की गई । एम.एस. वर्मा कृषि केन्द्र, थानखमरिया में कृषि अधिकारी की उपस्थिति में किसानों को कुल 38 बैग डीएपी उर्वरक का वितरण किया गया। अधिकारियों ने किसानों को समझाया कि डीएपी का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित कर सकता है, इसलिए एनपीके, एसएसपी जैसे संतुलित विकल्पों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कृषि विभाग के इस सक्रिय कदम से जिले में उर्वरक उपयोग को वैज्ञानिक एवं संतुलित बनाने में मदद मिलेगी तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति किसानों में महत्वपूर्ण जागरूकता पैदा होगी।

### नशाखोरी का बढ़ता ....

शराबखोरी को दूर करने अब धार्मिक व समाजिक संगठन को सामने आकर जनजागरूकता लाने पर बल देना होगा।नशाखोरी के चंगुल मे नाबालिग बच्चो से लेकर बूढे तक फंसे हुए है क्षेत्र मे चल रहे धान की कटाई और मिसाई मे अधिक मजदूरी मिलने के कारण भी शराब की बिक्री बढ गयी है,नगर मे गांजा जैसे नशीली पदार्थ के अलावा नशे की गोली की बिक्री भी धङल्ले से हो रही है जिसका प्रकोप युवा वर्ग मे अधिक देखा गया है।नशाखोरी कर सङक पर सरपट दौङती दोपहिया वाहनो से अनेक जान जा चूकी है बावजूद इसके लोग नशाखोरी से बाज नही आ रहे है यह बढते प्रकोप क्षेत्रवासीयो के लिए चिंता का विषय है।
**ऋण लेकर शराब पी अब सब कुछ लूटाः** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13,14 व15 मे शराबीयो को सूद मे रूपए देकर अधिक ब्याज वसूली का अनेक मामला सामने आया है कईयो के घरबार बिक गया कई की जान चली गयी वही पूरा परिवार नशाखोरी के चलते तबाह तक हो गया लेकिन एक भी धार्मिक व समाजिक संगठनो ने गरीब परिवार को बचाने व नशाखोरी के खिलाफ जनजागृति नही दिखाई है जो ढोंग की राजनीतिक,धार्मिक व समाजिक सरोकार के पैकर बनते है।शराबखोरी के जद मे नगर के ज्यादातर आबादी मजदूर मोल्हले से आती है जहाँ का वातावरण पूरा का पूरा नशेमन होता है और लोग उसी माहौल मे रमे रहते है जो समाज मे विकृति पैदा कर रही है।
**पुरूष वर्ग तिहाङी का पैसा शराब मे उङा रहे हैः** नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे बढते शराबखोरी से परिवार की हालत बद से बदतर होते जा रहा है पुरूष वर्ग अपने तिहाङी का सारा पैसा शराब मे उङा देता है वही महिलाओ के लिए घर चलाना मुश्किल हो जाता है।पीडीए के माध्यम से मुफ्त मे मिलने वाली चावल के भरोसे बच्चो का लालन पालन करने वाली महिलाओ के लिए नशाखोरी नरक से कम नही यहा तक देखा गया है कि शराब के कारण ही पुरूष महिलाओं की मजदूरी की राशि मे तक उङा देते है और यही से घरो मे कलह शुरू होता है जो बङा रूप लेकर परिवार को बिखेर देता है।सभ्य समाज को बुराई की ओर ले जाने वाली नशा का संकल्प के साथ नाश करना ही एक बङी जिम्मेवारी है।

## खबर संक्षेप



### मोहोनीश मल्लिक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परेड में हुए शामिल

**भिलाई।** कैडेट मोहोनीश मल्लिक मोन्नप्पा पुणे स्थित खडकवासला के राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। 149वें ऑटम कोर्स की इस भव्य पासिंग आउट परेड में 328 कैडेट्स शामिल हुए। इसमें केन्या, तंजानिया, श्रीलंका, भूटान, फिजी और फिलीपींस जैसे मित्र देशों के 20 युवा मौजूद थे। भिलाई के कैडेट मोहोनीश की माता देचम्मा मल्लिक एक गृहिणी हैं। उनके पिता सुरजीत मल्लिक बीएसपी में उप-महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। खेल और कला दोनों में दक्ष, कैडेट मोहोनीश एनडीए के फॉक्स्ट्रॉट स्क्वॉड्रन के फुटबॉल-इन-चार्ज भी रहे और इंटर-स्क्वॉड्रन प्रतियोगिता में टीम को चौथा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगीत में रुचि रखते हुए वे एनडीए के प्रतिष्ठित म्यूज़िक कॉयर का भी हिस्सा रहे। यह व्यापक प्रतिभा भिलाई और बीएसपी के उस वातावरण को रेखांकित करती है जो बच्चों को विविध अवसर और समृद्ध एक्सपोज़र प्रदान करता है। सूडान ब्लॉक पर प्रकाश-संगीत शो, बॉम्बे स्टेडियम में इक्विटेशन व जिमनास्टिक प्रदर्शन, सलारिया स्क्वॉयर पर सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम की अनूठी प्रस्तुति, और मात्र 300 फीट की ऊंचाई पर तीन सुखोई-30 एमकेआई विमानों की रोमांचक फ्लाई-पास्ट किया गया।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को किया याद

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा नवम्बर में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। सेफी चेयरमेन और आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा उपाध्यक्ष द्वय संतोष सिंह, रेमी थॉमस, प्रहलाद मौर्य, उपस्थित थे।

# 5214 किसानों ने अब तक बेचा 1,15,550.48 मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 21896 किसानों से 1,15,550.48 मिट्रिक टन धान खरीदी हुई है जिसकी लागत राशि 27,4050.48 लाख रूपए है। शासन की पारदर्शी व्यवस्था और तुंहर टोकन के अंतर्गत किसानों को सहुलियतें मिल रही हैं और वे निर्धारित तिथि अनुसार धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे हैं।

वहीं उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों के लिए समुचित प्रबंध की गई है। धान खरीदी के लिए केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था है। अब तक 5,214 किसानों ने 90.22 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 6,16,435 मिट्रिक टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित है।



## धान खरीदी को लेकर किसान परेशान, आप करेगा प्रदर्शन

जिले सहित प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी चल रही है। धान खरीदी की रफ्तार काफी धीमी है। इसके अलावा लोगों को ऑनलाइन टोकन, पंजीयन से लेकर अन्य प्रकार की परेशानी उठानी पड़ रही है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि पहले बीज और खाद देने में लापरवाही बरती गई। अब समय पर किसानों को टोकन मिल रहा है। न ही पूरे रकबे के हिसाब से तौलाई हो रही है। गिरदावरी और अनावरी रिपोर्ट का हवाला देकर कम धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्ग मे पिछले 15 दिन मे 10.39 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुईं हैं, जो बहुत ज्यादा कम है। हर दिन 1 लाख 37 हज़ार क्विंटल धान खरीदना होगा, जो वर्तमान सरकारी व्यवस्था मे संभव नहीं लगता। उन्होंने कहा कि धान बेचने के दौरान किसानों के कर्ज को किसानों की सहमति से ही काटा जाए। धान खरीदी के दौरान तौल की मात्रा 600 ग्राम से ज्यादा अतिरिक्त ना हो जुट बोरे में यदि तौल हो रहा है। सोसाइटी में पिछले वर्ष कितने किसानों ने धान बेचा था। इस वर्ष कितने किसान बेच पाएंगे। पिछले साल कुल कितने रकबे में खरीद पूरे सोसाइटी में हुई थी। सरकार किसान की समस्या का समधान नहीं करती तो 12 दिसंबर को आम आदमी पार्टी दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

## दुर्ग, धमधा और पाटन के स्कूलों में शिविर के लिए शेड्यूल जारी

# स्कूलों में विद्यार्थियों का होगा आधार कार्ड अपडेट, 93 विद्यालयों से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के 93 विद्यालयों में मेनडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन कार्य किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिविर लगाने की हिदायत दी है। विभिन्न तय स्कूलों में निर्धारित तिथि पर शिविर लगाए जाएंगे। यहां अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं के आधार अपडेशन (मेनडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट) होंगे। सभी प्राचार्य को अपने स्तर पर पहले ही बच्चों के (मेनडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट) एवं अन्य डेमोग्राफिक अपडेशन से सबंधित दस्तावेज बच्चों से मँगवाने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि शिविर वाले दिन समस्त छूटे हुए बच्चों का आधार अपडेशन का कार्य किया जा सके। यूआईडीएआई के रेटलिस्ट अनुसार एक वर्ष तक अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क निर्धारित किया गया है। दुर्ग, धमधा व पाटन ब्लॉक के स्कूलों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।




### धमधा ब्लॉक में यहां शिविर

विकासखण्ड धमधा के भारती विद्यालय एमएस कुम्हारी में 16 से 19 दिसंबर, कोशल हाईयर सेकण्डरी स्कूल कपसदा और सीजी पब्लिक स्कूल नंदिनी नगर में 8 से 10 दिसंबर तक, पीवीटी. ग्लोबल पब्लिक स्कूल कपसदा में 11 से 13 दिसंबर, (पीवीटी) एस.जी.एम. पब्लिक स्कूल, बोरी व पीवीटी. किशोर पब्लिक स्कूल लिटिया-सेमरिया में 8 से 9 दिसंबर , पीवीटी सरस्वती ज्ञानदीप मंदिर सेमरिया लिटिया में 10 दिसंबर को, (पीवीटी) सरस्वती शिशु मंदिर जरवाय में 8 से 9 दिसंबर , पीवीटी श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल पावर ग्रिड कुम्हारी में 11 से 15 दिसंबर , स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी मीडियम स्कूल नंदिनी खुंदिनी में 8 से 10 दिसंबर , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कपसदा में 15 से 17 दिसंबर तक, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल लिटिया में 11 व 12 दिसंबर , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल अहेरी , पीवीटी मानसरोवर विद्यालय जंजगिरी , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल घोटवानी में 8 से 10 दिसंबर , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गिरहोला में 9 दिसंबर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल, देवरी में 8 से 10 दिसंबर तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

### दुर्ग ब्लॉक में यहां लगेंगे शिविर

विकासखण्ड दुर्ग में पीवीटी कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर भिलाई में 8 से 15 दिसंबर तक, पीवीटी साई पब्लिक स्कूल कैंप-2 भिलाई में 16 से 19 दिसंबर तक, पीवीटी. क्रिसेंट पब्लिक स्कूल फरीद नगर सुपेला भिलाई में 8 से 11 दिसंबर , पीवीटी महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल मुक्तिधाम भिलाई में 15 से 17 दिसंबर , पीवीटी जी.बी.एन. पब्लिक स्कूल में 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी मदर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जवाहर नगर दुर्ग में 8 से 10 दिसंबर , शकुंतला विद्यालय राम नगर भिलाई में 10 से 12 दिसंबर , पीवीटी एम.जे. स्कूल, न्यू आर्य नगर जेवरा सिरसा रोड कोहका भिलाई में 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी किशोर पब्लिक स्कूल आदित्य नगर दुर्ग,पीवीटी आदर्श विद्यालय नागपुरा में 11 से 12 दिसंबर तक, पीवीटी असरफिया आई.टी. किड्ज केलाबाड़ी दुर्ग में 8 से 10 दिसंबर , प्रकाश पब्लिक स्कूल में 16 से 17 दिसंबर , पीवीटी. ईपीएस बेलौदी (अंग्रेजी माध्यम) में 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी. ज्ञान पब्लिक स्कूल न्यू खुर्सीपार में 15 दिसंबर को, दीक्षा पब्लिक स्कूल नेवईभाठा में और पीवीटी वाणी रियल टैलेंट एकेडमी नयापारा-1 दुर्ग में 8 से 9 दिसंबर , पीवीटी. एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल सुभाष नगर दुर्ग में 10 से 11 दिसंबर ,पीवीटी शारदा विद्यालय में 10 से 11 दिसंबर , भिलाई पब्लिक स्कूल में 8 दिसंबर को, कमला पब्लिक स्कूल , पीवीटी उदय इंग्लिश मीडियम स्कूल छावनी दुर्ग में 10 से 11 दिसंबर , पीवीटी द्रोणाचार्य स्कूल उतई में 8 व 9 दिसंबर 2025 तक शिविर लगेंगे।

### पाटन ब्लॉक में यहां शिविर

विकासखण्ड पाटन में निवेदिता हायर सेकेंडरी स्कूल देवबलोदा में 17 से 20 दिसंबर , नीतू विद्यालय दादर चरोदा ,आरके पब्लिक स्कूल जामगांव,प्राइ. न्यू विजन स्कूल मर्रा पाटन , शास. हायर सेकण्डरी स्कूल उरला में तक 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी. मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन व प्राइ. सरस्वती शिशु मंदिर तरीघाट में 8 से 9 दिसंबर, ज्ञान पब्लिक स्कूल भिलाई 3 में 11 व 12 दिसंबर , पीवीटी. प्राइ. श्री किड्स स्कूल भिलाई 3 में 15 व 16 दिसंबर , प्राइ. दिव्य संस्कार विद्या मंदिर अमलेश्वरडीह में 8 व 9 दिसंबर , प्राइ. श्री संजीवनी पब्लिक स्कूल दुर्गा नगर अमलेश्वरडीह में 10 व 11 दिसंबर , ,ज्योति इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल में 11 से 15 दिसंबर तक, प्रयास रेसीडेन्सियल स्कूल कुम्हारी परसदा पाटन में 11 व 12 दिसंबर ,, स्वामी आत्मानंद शास. इंग्लिश मेडियम स्कूल चरोदा बीएमवायवाय में 8 से 12 दिसंबर , स्वामी आत्मानंद शास. हिन्दी मेडियम स्कूल देवादा में 13 व 14 दिसंबर को शिविर लगेगा।

# तीन सूदखोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक अब भी है फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(3), 308 (2),111, 3(5) बीएनएस, छत्तीसगढ़ ऋणीयों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सेक्टर 7 निवासी ओम प्रकाश, सेक्टर 1 भिलाई प्रदीप नायक, तालपुरी भिलाई नगर एम कृष्णा रेड्डी के द्वारा गैंग बनाकर डरा धमकाकर पीड़ित से उधार दिए रकम को 4 गुना वसूलते थे। पीड़ित को सेवानिवृत्ति में मिले रकम को हड़पने की साजिश रच रहे थे। तीनों के पास से पुलिस को विभिन्न बैंक का चेक, एग्रीमेंट के दस्तावेज मिले है। तीनों सूदखोरों से परेशान होकर पीड़ित ने भट्ठी पुलिस में लिखित में शिकायत किया था। पीड़ित के मुताबिक घरेलू कार्य के लिए कुछ रुपए की आवश्यकता होने पर आरोपी प्रदीप नायक से रुपए का डिमांड किया। प्रदीप नायक ने एम कृष्ण रेड्डी उर्फ सोनू के माध्यम से जयदीप सिंह नामक व्यक्ति से 28 फरवरी 2025 को तीन लाख रुपये ब्याज में दिलाया। आरोपियों ने बंधक के रूप में प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर 2 का 5 नग कोरा चेक ,दो पेपर पर एग्रीमेंट हस्ताक्षर कराया गया था। जून 2025 में जयदीप सिंह को ब्याज समेत पूरी रकम वापस करने के बाद भी जयदीप सिंह ब्याज बचे होने का हवाला देकर पीड़ित का चेक एवं एग्रीमेंट पेपर नहीं लौटाया।

- भट्ठी पुलिस ने दर्ज किया अपराध

### 9 लाख कैश खाते में जबरन कराया ट्रांसफर

पुलिस ने बताया कि 30 नवम्बर को पीड़ित बीएसपी से सेवानिवृत्त होने पर 3 दिसंबर को पत्नी के साथ महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर 2 पहुंचे। जहां खाते में मिले रकम को दुसरे खाते में ट्रांसफर करने पीड़ित गया था। आरोपी जयदीप सिंह, कृष्ण रेड्डी ,प्रदीप नायक 8-10 गुर्गो के साथ बैंक पहुंचे। जहां ब्याज में लिया उधारी रकम लौटाने दबंगई दिखाते हुए पीड़ित की पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगे। इसके अलावा जान से मारने तक की धमकी दिया। धमकी व डराकर पीड़ित से 9 लाख रुपए को आरटीजीएस के माध्यम से और कैश 1 लाख कुल 10 लाख रुपए जबरन आरोपियों ने अपने परिचितों के खाते में ट्रांसफर करा लिया। खाते से 9 लाख रुपए मिलने पर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड पर जेल भेजा गया। मामले में जयदीप मौके से फरार है उसकी तलाश में पुलिस जारी है।

# यातायात पुलिस ने चलाया सेवा और जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को मनसा कॉलेज कुरुद में कॉलेज स्टाफ, एचडीएफसी बैंक, हाईटेक हॉस्पिटल तथा यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर न केवल रक्तदान किया बल्कि स्वास्थ्य शिविर में अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए समाज के प्रति सेवा-भाव और मानवीय कर्तव्य का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में यातायात पुलिस के जवानों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा-भाव और कर्तव्यनिष्ठा का सराहनीय संदेश दिया।

- रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन एवं ट्रैफिक अवेयरनेस का दिया संदेश

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7.30 बजे आयोजित क्रॉस-कंट्री मैराथन से हुआ, जिसमें हजारों युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सड़क सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए हेलमेट का वितरण भी किया गया, जिससे नागरिकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जा सके। साथ ही शिविर में उपस्थित सभी नागरिकों के बीच यातायात जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इसमें ड्रिंक एंड ड्राइव न करने, हमेशा हेलमेट पहनने, रैश ड्राइविंग व ओवरस्पीडिंग से बचने तथा यातायात नियमों का नियमित पालन करने विशेष रूप से समझाइश दी गई।

### पुलिस के जवानों ने किया रक्तदान, पोस्टर का विमोचन



# राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन में सेल की सभी इकाइयों में बीएसपी रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल–बीएसपी ने राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के अंतर्गत संचालित लार्ज स्केल जन सेवा प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेल की सभी इकाइयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 28 नवम्बर तक भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 73 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कुल 2563 कर्मचारियों को कवर किया गया है, जो पूरे सेल में सर्वाधिक है और बीएसपी को शीर्ष प्रदर्शनकारी इकाई के रूप में स्थापित करता है। राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन, जिसे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर 2020 में प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य सरकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों में आधुनिक कार्य-दृष्टि, नागरिक-केंद्रित सोच, दक्षता, संवेदनशीलता और सेवा-भाव को विकसित करना है। इस मिशन का संचालन क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) द्वारा किया जा रहा है। बीएसपी ने इस राष्ट्रीय मिशन को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षण गतिविधियों को तेज गति से विस्तार दिया है। संयंत्र के 2 लीड ट्रेनर- उप महाप्रबंधक यशवंत जौहरी व उप महाप्रबंधक नीरजा शर्मा के साथ 63 प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स इन मॉड्यूल्स को औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप, सरल, व्यावहारिक एवं कार्यस्थल पर सीधे लागू होने योग्य स्वरूप में कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। मानव संसाधन विकास केंद्र एवं बीएमडीसी में प्रतिदिन 60-70 कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर अधिकतम कार्यबल को त्वरित रूप से कवर किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कर्मचारियों और अधिकारियों ने बताया कि मिशन कर्मयोगी के सत्रों ने उनकी कार्यशैली में ठोस और सकारात्मक बदलाव लाए हैं-चाहे वह निर्णय क्षमता हो, समस्या समाधान कौशल, टीमवर्क, समय प्रबंधन, संवाद क्षमता या नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण। यह प्रशिक्षण उनके दैनिक कार्यों में दक्षता और स्पष्टता बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ है।



# सौंदर्यीकरण के लिए हुआ किकिरमेटा में भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम पंचायत किकीरमेटा मे पचरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया। कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने इस दौरान कहा कि खारून नदी के तट मे बसे किकीरमेटा मे सांसद निधि द्वारा. 10 लाख के पचरीकरण सौंदर्यीकरण का एक हिस्सा है, जो जल स्त्रोतों को मजबूत करता है, जबकि सौंदर्यीकरण उस पूरे क्षेत्र को विकसित करके उसे सुंदर और उपयोगी बनाता है। समारोह में नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन,लालेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष पाटन, देवकी जेठूराम निषाद सरपंच किकीरमेटा, तेजराम चक्रधारी पंच,मोतीराम निषाद, महेंद निषाद, पावन चक्रधारी,शकुंतला चक्रधारी,पुष्प निषाद, उर्वशी निषाद, लेखपाल सिन्हा, कुंवरसिंह निषाद, कौशल गंजीर, अभिषेक सेन मंचासिन रहे।



### परेशान युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि अंडर ब्रिज रेलवे क्रॉसिंग सुपेला के पास होडिंग में चंद्रभान विश्वकर्मा नामक ने होर्डिंग बोर्ड पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चंद्रभान मूल रूप से बालोद जिले के ग्राम चोरेल का रहने वाला था। पिछले पांच वर्षों से सुपेला में निवास कर रहा था। कुछ दिन पहले ही उसकी मां का निधन हो गया। तब से खासा परेशान चल रहा था। संयोग से उसकी मां का दशगात्र कार्यक्रम भी शुक्रवार को था। शाम को लोगों ने चंद्रभान का शव होर्डिंग पर लटका मिला। मौके से एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें मां के मौत के बाद परेशान रहने का उल्लेख किया है। शव को पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## जोन 5 के अंतर्गत सुविधाओं का किया निरीक्षण

# आयुक्त ने दिए अवैध होर्डिंग हटाने और सुविधा संधारण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को ज़ोन-5 के सेक्टर 10 अंतर्गत विभिन्न नागरिक सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, क्रिकेट कोर्ट, अवैध होर्डिंग, यात्री प्रतीक्षालय और नाला सफाई कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने ज़ोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ सेक्टर 10, सड़क 03 पर बने बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था के लिए लगे विद्युत पोल और मेट के तत्काल संधारण का निर्देश दिये। समीप के क्रिकेट कोर्ट की रेलिंग पर एक हॉस्पिटल के नाम से लगे बोर्ड को हटाकर उसके स्थान पर नगर निगम भिलाई का बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

### सेक्टर 10 से अवैध होर्डिंग्स हटेगा

सेक्टर 10 'ए' मार्केट से लगी सड़क किनारे लगे अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त महोदय ने स्पष्ट किया कि नगर पालिक निगम अधिनियम एवं शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए महापौर परिषद की बैठक में संकल्प पारित किया गया है कि सभी अवैध होर्डिंग हटाए जाएं। भविष्य में होर्डिंग लगाने से पहले नगर निगम भिलाई से अनिवार्य रूप से अनुमति लेना आवश्यक है।



### यात्री प्रतीक्षालय का जल्द होगा उद्घाटन

सेक्टर 10 'ए' मार्केट रोड किनारे पार्षद अभय सोनी की निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का भी अवलोकन किया गया, जिसका जल्द ही उद्घाटन किया जाना है। पार्षद निधि से जनहित के अच्छे कार्य के लिए हर्ष व्यक्त किये। पार्षद प्रतिनिधि अनिल सिंह द्वारा कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का भी निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया और कार्य की सराहना किए।

### बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण

सड़क 25 पर निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का भी निरीक्षण किया गया तथा उसमें आवश्यक संधारण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, शंकर सुवन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, सूर्या सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुविधाओं का संधारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शहर की सुंदरता को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**आम-सूचना**

**ग्राम-सिलघट, प.ह.न. 0003 रा.नि.मं. भिंभौरी, तहसील भिंभौरी जिला - बेमेतरा स्थित भूमि के संबंध में**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सुशिल कुमार देवांगन पिता पुरुषोत्तम देवांगन, निवासी - वार्ड नं. 33, श्रीराम क्लाथ स्टोर्स, बिरगांव, रायपुर, तह. व जिला - रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम - सिलघट, प.ह.न. 0003 रा.नि.मं. भिंभौरी, तहसील भिंभौरी जिला - बेमेतरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 241/1, रकबा 0.1100 हे. भूमि को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 06/12/2025

**भवदीय**
**राज रजिन्दर सिंह (अधिवक्ता)**
**दुर्गा मंदिर के पीछे, तेलीबांधा रविग्राम**
**रायपुर (छ.ग.)**
**मोबा. 98278-08212, 6266169720**

## खबर संक्षेप




### उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

**देवकर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जो भारत सरकार की एक पहल है जिसका लक्ष्य 15साल या उससे अधिक उम्र के सभी असाक्षरो को कार्यात्मक साक्षरता (पढ़ना, लिखना, गणित)और महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखना है ,ताकि उन्हें राष्ट्र निर्माण मे भागीदार बनाया जा सके। जिसमें कर्तव्य बोध की भावना पर जोर दिया जाता है और इसे डिजिटल माध्यमों से जोड़ा गया है। उक्त योजना अंतर्गत 7 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लास महापरीक्षा क्ा आयोजन किया गया है जिस हेतु जन-जन को जागरूक करने हेतु शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर मे शाला परिवार द्वारा रैली निकाली गयी जो की गलियों और चौक से होते हुये नारे लगाते हुये वापस शाला पहुंची उक्त आयोजन पर प्रधान पाठिका श्रीमती गिरिज़ा पटेल ने सभी असाक्षरो को अवगत कराया और परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु अपील किया जिसमें वीणा रावटे प्रियंका साहु व शाला परिवार के बच्चो की उपस्थिति रही ।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**कवर्धा।** राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आईटीआई कवर्धा में 08 दिसंबर सोमवार को प्रातः 09:30 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों एवं संस्थानों को अप्रेन्टिसशिप एवं प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार एवं कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर प्रतिभागी युवाओं को प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से सीधे वार्ता करने, अप्रेन्टिसशिप के अवसर जानने तथा रोजगार संभावनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रचार्य सत्येन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि समस्त शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस मेला में उपस्थित होकर अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

**आयोजन : स्वस्थ मृदा से ही स्वस्थ फसल-कृषकों को मिट्टी संरक्षण की जानकारी दी गई**

# विश्व मृदा दिवस पर किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग ने संयुक्त तौर पर विश्व मृदा दिवस के अवसर पर ग्राम मड़ई विकासखंड बेमेतरा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन में मृदा के महत्व पर व्यापक चर्चा एवं जनजागरूकता हेतु प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर को पुरे विश्व में विश्व मृदा दिवस के रूप में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इस वर्ष स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मृदा की थीम पर विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया।

- फसल बीमा कीट और रोग प्रबंधन पर भी किसानों को विस्तार से बताया गया

केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने बताया कि अंधाधुंध व असंतुलित रसायन युक्त खेती तथा इंडस्ट्रियल वेस्ट, शहरी कचरा, अपशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक के उपयोग एवं खनन कार्य में लगातार वृद्धि होने के कारण कृषि एवं अन्य क्षेत्र के मृदा स्वास्थ्य व उसकी गुणवत्ता में तेजी से गिरावट हुई है। इससे कृषि उत्पाद में हानीकारक रसायन के अवशेष मानक स्तर से और अधिक बढ़ता जा रहा है इसके कारण हमारे आहार में विषाक्तता बढ़ती जा रही है, जो कई गंभीर बीमारियों का कारक बन रही है। इससे बचने के लिए जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को अपनाना अतिआवश्यक है। इसकी शुरुआत किसानों को अपने घरेलू उपयोग के लिए जैविक फसल उत्पादन के साथ करना चाहिए तभी क्रमबद्ध तरीके से मृदा के स्वास्थ्य में सुधार होगा।




### जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को दिया जा रहा बढ़ावा

अनुभागीय कृषि अधिकारी निलिमा कोरी ने बताया कि जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर से जैविक खेती मिशन एवं प्राकृतिक खेती मिशन चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत कृषकों के प्रक्षेत्र में प्रदर्शन कार्यक्रम भी लिया जा रहा है तथा प्राकृतिक खेती में उपयोग किये जाने वाले बायों इंपुट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर बायों इंपुट रिसोर्स सेंटर (बी.आर.सी.) के लिए कुछ कृषकों को चयन भी किया गया है। इस अवसर पर बी.आर.सी. के रूप में चयनित कृषक श्री तरुण वर्मा ने उनके द्वारा तैयार की जाने वाली बायो इंपुट के बारे में भी जानकारी दिया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक श्रीमती रजनी धर्मेन्द्र अगाशे एवं श्री डोमन सिंह टेकाम ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य की देखभाल के लिए मिट्टी परीक्षण के महत्व, समन्वित कीट, रोग एवं पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जानकारी दिया।

### कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में भी दी गई जानकारी

श्री देशराज यादव, सहायक संचालक कृषि तथा श्री वी. के. टंडन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती की विधि के बारे में बताते हुए मृदा में लाभदायक सुक्ष्म जीव के लिए जैविक कार्बन के महत्व के बारे में जानकारी दिया। परिचर्चा के दौरान उपस्थित किसानों को रबी दलहनी फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई, साथ ही विभागीय अधिकारियों के द्वारा किसानों को फसल बीमा योजना के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, ग्राम मड़ई के सरपंच के साथ 50 से अधिक कृषकगण उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्मृति उत्कृष्ट विद्यालयों का अस्तित्व समाप्त करने में लगी है भाजपा सरकार : आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय सरकार कांग्रेस सरकार के समय प्रारंभ की गई स्वामी आत्मानंद स्मृति उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्थापना की गई थी जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ के गरीब मध्य वर्गी परिवार के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की उत्कृष्ट शिक्षा शासकीय विद्यालय में निशुल्क प्राप्त करवा सके और यह योजना छत्तीसगढ़ में सफल भी हुई जिसका उदाहरण है कि प्रदेश के हर कोने से स्वामी आत्मानंद स्मृति उत्कृष्ट विद्यालय खोलने की मांग उठी दुर्भाग्य का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार आते ही शिक्षा के इस पवित्र मंदिर को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता वश निशाने में लिया गया और उसका अस्तित्व मिटने की पुरजोर प्रयास किया जा रहे हैं।




इसी कड़ी में बेमेतरा जिले में भी खनिज न्यास मद से गैर जरूरी कामों पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं किंतु स्वामी आत्मानंद स्मृति अंग्रेजी मध्य विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन विद्यालयों के रखरखाव के लिए शासन प्रशासन के पास पैसा नहीं है यह जानबूझकर किया जा रहा है ताकि इन स्कूलों को बंद किया जा सके भाजपा की सरकार नहीं चाहती कि गरीब के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें क्योंकि वह बच्चे आगे चलकर शासन प्रशासन से सवाल करेंगे और भाजपा शासन सवाल के जवाब देने की स्थिति में नहीं है पूरे राज्य में चारों ओर लूट मची हुई है भाजपा पदाधिकारी राज्य की जनता को लूटने में लगे हुए हैं अपनी तिजोरिया भर रहे हैं उन्हें लोगों के स्वास्थ्य शिक्षा जैसे विषयों से कोई लेना-देना नहीं है यह विषय उन्हें सिर्फ चुनाव में ख्याल आते हैं और बड़े-बड़े लोग लोकलुभावन वादे करके भाजपा के लोग भूल जाते हैं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने स्वामी आत्मानंद स्मृति विद्यालयों की रखरखाव को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है तथा शासन से मांग की है कि गरीब परिवारों के सपनों के साथ खिलवाड़ ना किया जाए।

# मध्यप्रदेश से कबीरधाम में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग कबीरधाम ने अन्य प्रांत मध्यप्रदेश निर्मित अवैध मदिरा की बड़ी खेप जप्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता, कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के निर्देशन में की गई। आबकारी वृत्त बोड़ला में मिली मुखबिर सूचना के आधार पर दो स्थानों अर्जुन यादव ग्राम बाघमाड़ा के रिहायशी मकान और सुखीराम परस्ते बाकी, थाना तरेगांव की दुकान में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित देशी प्लेन शराब व गोवा व्हिस्की बरामद की गई। पहले



आरोपी अर्जुन यादव से 50 पाव देशी प्लेन मदिरा 9.0 बल्क ली. लगभग 4,000 रूपए मूल्य की बरामद हुई, जबकि दूसरे आरोपी सुखीराम परस्ते से 24 पाव गोवा व्हिस्की व 56 पाव देशी मदिरा कुल 7,360 रूपए मूल्य की अवैध शराब जप्त की गई।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धाराएं 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज राठौर के पर्यवेक्षण तथा वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव कुमार रायजादा के नेतृत्व में की गई। इस ऑपरेशन में वृत्त प्रभारी गीता साहू, रामानंद दीवान, मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, जगदीश उईके तथा आरक्षक अमर पिल्ले, कमल मेश्राम और आकाश चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह कार्रवाई सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाने की कड़ी कार्यवाही के रूप में देखी जा रही है।

# गड़ुवा में अग्निवीर गजानंद धुर्वे का स्वागत देशभक्ति गीतों से गूंज उठा पूरा गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

ग्राम गड़ुवा के होनहार युवा गजानंद धुर्वे पिता कोमल धुर्वे व माता प्रतिमा बाई के अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रथम बार गृहग्राम आगमन पर गड़ुवा गांव में भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही गजानंद धुर्वे गांव पहुँचे, पूरा वातावरण देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा और हर ओर स्वागत–अभिनंदन की गूंज फैल गई। ग्रामवासियों ने अग्निवीर गजानंद को फूलमाला पहनाकर, तिलक लगाकर, और आरती उतारकर गर्वपूर्ण स्वागत किया। युवाओं और बुजुर्गों में उत्साह देखते ही बन रहा था। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक रीति से मंगल गीत गाकर वीर सपूत का अभिनंदन किया।



सोसायटी अध्यक्ष बीजा वीरेंद्र वर्मा, सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल ,सरपंच गड़ुवा फ़ाफी बाई, उप-सरपंच सूरज राजपूत ,गोपाल साहू सीएएफ ,चंद्रदेव यादव, हेमसिंह पटेल, धनेश्वर साहू, कामदेव कौशल, बालेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, देवव्रत पटेल, उदय पटेल, दीपक धुर्वे, गेंदसिंह धुर्वे, विजय यादव, कुलेश्वर राजपूत, अर्जुन पटेल, तथा महिलाएँ मीनाक्षी यादव, वंदना यादव, कविता सेन, पुष्पा यादव, सरस्वती धुर्वे, मंजू धुर्वे, सुनीता धुर्वे, टिकेश्वरी धुर्वे, दीक्षा धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन। ग्रामवासियों ने कहा कि गजानंद धुर्वे ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अग्निवीर के रूप में उनका चयन गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने गजानंद को उज्ज्वल भविष्य और श्रेष्ठ सेवाभाव के लिए शुभकामनाएँ दीं। पूरा कार्यक्रम देशभक्ति, उत्साह और गौरव के माहौल में संपन्न हुआ।

## निधन

### विजय शंकर ठाकुर

**नांदघाट।** क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता भूतपूर्व जनपद सदस्य विजय शंकर ठाकुर (84) का बीती रात निधन हो गया। वो संतोष ठाकुर कृष्णा ठाकुर (पूर्व सरपंच) के पिता व अंकुर आयुश अभय वासु के दादा थे। वो जगन्नाथ मंदिर निर्माण समिति और महामाया ट्रस्ट के मुख्य कर्ताधर्ता थे। उनके निःधन पर क्षेत्रीय नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।



# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को गुड टच-बैड टच की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बेमेतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय टीम ने छात्राओं को गुड टच–बैड टच, माहवारी प्रबंधन, लिंग आधारित हिंसा, महिलाओं के कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम, पास्को अधिनियम, एवं साइबर अपराध (हेल्पलाइन 1930) के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल सहायता नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181, तथा विभागीय योजनाओं के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।



विद्यालय परिसर में 181 महिला हेल्पलाइन एवं विभागीय योजनाओं के स्टीकर चस्पा किए गए तथा छात्राओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को बाल विवाह मुक्त बेमेतरा के संकल्प हेतु शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में राखी यादव (केंद्र प्रशासक), सेवन्तिका एवं तमन्ना (लिंग विशेषज्ञ), आनंद धृतलहरे (सामाजिक कार्यकर्ता), इंद्राणी (बाल सहायता पर्यवेक्षक), तथा विद्यालय की वार्डन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। यह जागरूकता अभियान बालिकाओं में आत्म-सुरक्षा, अधिकारों एवं संवेदनशील मुद्दों के प्रति समझ बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# नाबालिग का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

महिला थाना कवर्धा की टीम ने नाबालिग से जुड़े गंभीर प्रकरण में पीड़िता की शिकायत के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में महिला पुलिस कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पीड़िता द्वारा महिला थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी जगत बांधे ने बहला-फुसलाकर उसका विश्वास जीता और लंबे समय तक मानसिक तथा शारीरिक शोषण करता रहा। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए महिला थाना में आरोपी के खिलाफ तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ने अपराध क्रमांक 49/2025 के अंतर्गत संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया। पीड़िता और गवाहों के कथन, चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध सिद्ध पाया गया, जिसके बाद आरोपी जगत बांधे, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम गौरमाटी को



विधिवत गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक भुनेश्वरी राठौर के नेतृत्व में उप निरीक्षक, आरक्षकगण एवं महिला स्टाफ की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है और आवश्यक साक्ष्यों के संकलन हेतु न्यायिक अभिरक्षा की मांग की गई है। कबीरधाम पुलिस महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर सख्ती और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर रही है। ऐसे मामलों पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

**कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, पीली-लाल साड़ियों से सजा नगर**

# नगर में गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ शुक्रवार को नगर की ऐतिहासिक और भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह से ही नगर में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हो गया था। माता भद्रकाली मंदिर तालाब परिसर में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक पीली एवं लाल साड़ियों में सजधज कर पहुंची। कलश स्थापना और मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

शांत, अनुशासित और भक्ति से परिपूर्ण माहौल में महिलाएं जल से भरा पवित्र कलश सिर पर धारण कर पंक्तिबद्ध हुईं। ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और जयघोष के बीच नगर भ्रमण के लिए यह विशाल यात्रा आगे बढ़ी। पूरा मार्ग मानो पीले–लाल रंग की आस्था की चादर से ढक गया था। महिलाएं 'हर हर महादेव' और 'गौ माता की जय' के उद्घोष के साथ बढ़ती रहीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु व्यवस्था संचालन में सक्रिय दिखे।

**स्वामी ज्योर्तिमयानंद सरस्वती रथ पर विराजमान-** कलश यात्रा की विशेष शोभा बने— सपाद लक्षेश्वर नाम सलधा के दण्डी स्वामी ज्योर्तिमयानंदः सरस्वती, जो रथ पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए यात्रा के साथ चले। स्वामी ने नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा—क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि, प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण शुद्धि के उद्देश्य से यह यज्ञ किया जा रहा है। यह नगर का सौभाग्य है कि यह आयोजन लगातार दूसरे वर्ष श्रद्धा और एकता के साथ सम्पन्न हो रहा है। धर्मप्रेमी जनता के सहयोग से यह कार्यक्रम विराट रूप ले रहा है। स्वामी ने सभी परिवारों को कथा व यज्ञ में सहभागिता के लिए आमंत्रित भी किया।



**कलश यात्रा का विस्तृत मार्ग — नगर रहा भक्तिमय-** भक्तिमय माहौल में कलश यात्रा गस्ती चौक, गौरव पथ, माता भद्रकाली मंदिर, प्रताप चौक, सिग्नल चौक से होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंची। दोनों ओर खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। दुकानों और घरों में महिलाओं ने दीप सजाकर मंगलकामना व्यक्त की।

**आयोजन में जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की सक्रिय उपस्थिति-** कलश यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं धर्मावलंबी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगठन, समितियों और विभिन्न वार्डों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी भूमिका निभाई।

### ये रहे उपस्थित

नगर पालिका अध्यक्ष – विजय सिन्हा पार्षद चांदनी रोशन दत्ता, विकास तंबोली, गौरव साहू, वर्षा गौतम, पिंकी नेमा, कुमुदिनी तिवारी, आराधना दुबे, लता दुबे, मिनू पटेल, ललिता साहू, अनिता मिश्रा, हेमलता शर्मा, वर्षा शर्मा, जानकी साहू, पिंकी गुप्ता, प्रेम कौर, गंगा सिन्हा, ज्योति नामदेव, हेमीन साहू, लेखमणी पाण्डेय, महेंद्र गुप्ता, रोशन दत्ता, अभ्मन सेन, पेरु साहू, नरोत्तम साहू, नंदकिशोर पाण्डेय, जय पाण्डेय, डी.के. तिवारी,राजकुमार चौहान, संजीव तिवारी, अनिल दुबे, हरिश शर्मा, टेकराम साहू, शौंखी लाल साहू, संदीप बैगा, महेश निषाद, महेश्वर प्रसाद श्रीवास, नरेश शर्मा, डॉ. भुनेश्वर साहू, पुरुषोत्तम पटेल, मनोज दुबे, प्रहलाद मिश्रा, अनिल मिश्रा, अश्वनी पाण्डेय, संजय दुबे, महेंद्र चौहान इन सभी ने यात्रा में सहभागी होकर कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

